an>

Title: Need to ensure payment of compensation to farmers who lost their crops to hailstroms and excess rain in Bundelkhand region of Uttar Pradesh particularly in Jalaun Parliamentary Constituency.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) ः मेरे संसदीय क्षेत्र अंतर्गत जालौन गरौठा भोगनीपुर में ओलावृष्टि एवं अतिवृष्टि से तबाह हुई फसलों का जो मुआवजा केंद्र सरकार ने किसानों की राहत के लिए भेजा था वह अभी तक किसानों तक नहीं पहुंचा है। इसके अलावा, मेरे संसदीय क्षेत्र की कोंच तहसील में प्रशासन की लापरवाही के कारण किसानों के मुआवजे की लगभग 30 लाख रूपये की राशि फर्जी चैकों के माध्यम से बेनामी खातों में जमा कर निकाल ली गई जबकि पात्र किसान सहायता राशि पाने के लिए अभी भी विभागों के चक्कर लगा रहे हैं।

बुंदेलखण्ड के अधिकतर निवासियों का मुख्य रोज़गार कृषि ही है और बुंदेलखण्ड का किसान पिछले कई वर्षों से प्राकृतिक आपदाओं के कारण भारी नुकसान झेल रहा है। ऐसे समय में मुआवजे की राशि में की गई अनियमितताएं एक गंभीर अपराध है। अगर एक छोटी सी तहसील में इतनी बड़ी अनियमितताएंÃ¬ हुई हैं तो पूरे बुंदेलखण्ड में यह आंकड़ा क्या होगा।

अतः मेरी मांग है कि एक केंद्रीय जांच समिति का गठन करके वर्ष 2015 में बुंदेलखण्ड के किसानों को जो सहायता राशि भेजी गई थी उसके आवंटन में हुई अनियमितताआंो की जांच कराई जाये तथा जिन किसानों को अभी तक मुआवजा नहीं मिला है उन्हें किसानों की सहायता के लिए एक वेब पोर्टल बनाया जाये जिसके माध्यम से उनका मुआवजा सीधे उनके खाते में पहुंचाया जाये।